

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

सितम्बर - अक्टूबर 2023

## JAGS 24वां संस्करण

देश का एकमात्र रफ एंड कट जैमस्टोन शो

## ट्रेंडी अफेयर्स

ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स

## सिब्जो कांग्रेस 2023

## जानकारी नए जैमस्टोन्स की

एलेक्जेंड्राइट बनाम क्राईसोबेरील एक जैमोलॉजिकल अंतर

## डिज़ाइन स्पीक

इंडस्ट्री का नया टैलेंट

Jewellers Association Jaipur

Since 1974

# जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर की आधिकारिक पत्रिका

सितम्बर - अक्टूबर 2023 | Volume XXXXI No. 5

Regd. with R.N.I. No. 26126/74




कवर इमेज क्रेडिट:
शिव नारायण ज्वैलर्स
हैदराबाद

धर्मकांटा

जैम बोर्स

जैम वर्ल्ड

ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)
**द प्रीमियम बी2बी शो**

ज्वैलर्स असोसिएशन जैम स्टोन शो (JAGS)

जनोपयोगी भवन

प्याऊ

## वि ष य - सू ची

### जयपुर इन एंड आउट

16 देश का एकमात्र **रफ एंड कट जैमस्टोन शो (JAGS)**

19 जयपुर मे आयोजित हुई **सिब्जो कांग्रेस 2023**










### शोज ऑफ़ द वर्ल्ड

22 हांगकांग ज्वैलरी एंड जैम वर्ल्ड (JGW)

23 एक्स्ट्राऑर्डिनरी-40 अवार्ड्स

24 विचेंसाओरो सितंबर संस्करण

25 68वां बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर

26 ब्लॉगर्स के नजरिये से













**संपादक और डिजाइन**
Splashierz Design
+91 77427 25334

**प्रकाशन**
ज्वैलर्स असोसिएशन
जौहरी बाजार, जयपुर 302 003 (भारत)
टे: +91 141 4034112-13
फे : +91 141 2560125
ई: gemworld@jajaipur.com
वेब: www.jajaipur.com

**विज्ञापन, टैरिफ या अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:**
टे: +91 141 4034112-13
मो: +91 72299 54040 | +91 99502 11331
ई: gemworld@jajaipur.com

डिस्क्लेमर
पत्रिका में विभिन्न लेखों में दिए गए विचार लेखकों के हैं, इनमे किसी भी प्रकार की त्रुटियों के लिए ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर का कोई दायित्व नहीं होगा।

## ट्रेंडी अफेयर्स

27 ज्वैलरी डिज़ाइन के नए ट्रेंड्स



27

## नॉलेज शेयरिंग

36 रत्नों में राजा 'माणक' (रूबी )

37 'माणक रत्न' पर डाक टिकटों का शानदार संग्रह



36




37

## जानकारी नए जैमस्टोन्स की

38 एलेक्जेंड्राइट बनाम क्राईसोबेरील एक जैमोलॉजिकल अंतर



38



29





30



31

## डिज़ाइनर्स' कॉलम

42 ज्वैल एक्सेल इंस्टीट्यूट ऑफ डिज़ाइनिंग, जयपुर



44



## ज्वैलर्स असोसिएशन सूचना एवं समाचार

47 संवाद: सेज व ईपीआईपी का विस्तार चाहते हैं ज्वैलर्स

## इनसाइट्स

48 ज्वैलर्स यूथ एंड वेलफेयर सोसाइटी क्रिकेट लीग संपन्न

49 जैमफील्ड व गिल्ड ने दिए औरोरा अवाड्र्स

# PRECITONE CO. LTD

COLOUR STONES



www.precitone.com

202-208, Sithikorn Bldg, Room 404, 4th Floor,
Mahesak Soi-2, Bangkok - 10500 (Thailand)
Phone: 0818011295
Email: anu@precitone.com

Jewellers Association Jaipur

Since 1927

# जैम वर्ल्ड 2022-24

## सलाहकार मंडल



**डी.पी. खण्ड़ेलवाल**
अध्यक्ष



**आलोक सौंखिया**
उपाध्यक्ष



**नीरज लुणावत**
मानद् मंत्री,
संयोजक, जैम वर्ल्ड पत्रिका



**अभिषेक सांड**
सदस्य



**अदित बरड़िया**
सदस्य



**महेश खण्ड़ेलवाल**
सदस्य



**नरेश अगरोया**
सदस्य



**शिरीष अग्रवाल**
सदस्य



**सुधीर ठोलिया**
सदस्य

Jewellers Association Jaipur
Since 1927

# कार्यकारी समिति
# सत्र 2022-2024


डी.पी. खण्ड़ेलवाल
अध्यक्ष


आलोक सौंखिया
उपाध्यक्ष


नीरज लुणावत
मानद् मंत्री


राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संयुक्त सचिव


गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
कोषाध्यक्ष


अभिषेक जैन
सदस्य


अभिषेक सांड
सदस्य


अजय गोधा
सदस्य


अशोक माहेश्वरी
सदस्य


बिट्ठल दास माहेश्वरी
सदस्य


महावीर कुमार डागा
सदस्य


नरेन्द्र लक्खी
सदस्य


निर्मल कुमार बरड़िया
सदस्य


पंकज सौंखिया
सदस्य


प्रदीप मेहता
सदस्य


रामशरण गुप्ता
सदस्य


सुनील मनिहार
सदस्य


विजय केड़िया
सदस्य

Jewellers Association Jaipur

# उप-समितियां
# सत्र 2022-2024

**सभी उप-समितियों में अध्यक्ष डी.पी. खण्डेलवाल एवं मानद् मंत्री नीरज लुणावत पदेन सदस्य होंगे।**

### जैम वर्ल्ड सलाहकार मंडल
### मानद मंत्री एवं संयोजक
नीरज लुणावत

**सदस्य**

अभिषेक सांड
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
महेश खण्ड़ेलवाल
नरेश अगरोया
शिरीष अग्रवाल
सुधीर ठोलिया

### वित्त संग्रह
**संयोजक**

रामशरण गुप्ता

**सदस्य**

जुगल किशोर डेरेवाला
निर्मल कुमार बरड़िया
राजेन्द्र साबू
संजय काला
श्याम सुन्दर खटोरिया
विजय केड़िया

### धर्मकांटा
**संयोजक**

पंकज सौंखिया

**सदस्य**

भारत भूषण गुप्ता
किरण शाह
मनीष अग्रवाल
मोहम्मद अंसार
मुरली गोपाल झालानी
नीरज सौंखिया
निमीश खण्ड़ेलवाल
रोहिताश सौंखिया
श्रीराम विजय

### विधान संशोधन
**संयोजक**

विजय केड़िया

**सदस्य**

अरुण कुमार गोखरू
निर्मल कुमार बरड़िया
श्याम सुन्दर खटोरिया

### कर, विधि, आयात-निर्यात संवर्धन एवं कस्टम
**संयोजक**

विजय केड़िया

**सदस्य**

मनोज धांधिया
संजय काला
सुनील जैन (एमसीपीएल)
योगेश खटोरिया

### पंच फैसला
**संयोजक**

निर्मल कुमार बरड़िया

**सदस्य**

राजेश धामानी
राम शरण गुप्ता
संजय काला
विजय केड़िया

### रत्न दलाल
**संयोजक**

सुनील मनिहार

**सदस्य**

गौरव फोफलिया
ललित कुमार जैन (चपलावत)
महेश गुप्ता
मज़ीद भाई घोड़ेवाला
नवल बिहारी गुप्ता
प्रमोद कोटावाला
प्रीतम कोठारी
रोहित धांधिया
सत्य नारायण मालपानी
शिरीष अग्रवाल
सुमेर मल लोढ़ा
सुरेश मूथा
वेनी प्रसाद गुप्ता
विनीत अग्रवाल

### सेमिनार
**संयोजक**

गोविन्द प्रकाश अग्रवाल

**सदस्य**

नरेश अगरोया
रुपेश ताम्बी
संदीप जैन
सुधीर ठोलिया

### जनोपयोगी भवन
**संयोजक**
महावीर कुमार डागा
**सदस्य**
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अमित जैन
दीपक मित्तल
गौतम पंसारी
किशन मूंदड़ा
नील कंठ भंडारी
राजेश डागा
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
संदीप गुप्ता
संजय डागा
वेनी प्रसाद गुप्ता

### डिजिटाइजेशन/IT/Social Media
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
आलोक सौंखिया
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### ट्रेड रेगुलेटरी (टी.आर.सी)
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
अशोक कुमार गुप्ता (मुन्ना सौंखिया)
संजय काला
सुनील मनिहार
विजय केड़िया

### बी2बी शो (JAGS)
**संयोजक**
अभिषेक सांड
**सदस्य**
अब्दुल शकूर लाली
आलोक सौंखिया
आनन्द राव
आशीष बंग माहेश्वरी
आशीष सिंघवी
धर्मेन्द्र चौपड़ा
घनश्याम साहू
केतन मुंशी
कृष्ण बल्लभ नाटाणी
महावीर कुमार डागा
नील कंठ भंडारी
प्रमोद कोटावाला
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

### शोध, विकास एवं मैन्यूफेक्चरिंग
**संयोजक**
प्रदीप मेहता

### सदस्यता प्रपत्र जांच
**संयोजक**
डी.पी. खण्ड़ेलवाल
**सदस्य**
आलोक सौंखिया
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
विजय केड़िया

### व्यापारिक सुरक्षा
**संयोजक**
नरेन्द्र लक्खी
**सदस्य**
अनिल कुमार गोधिया
गणेश राजपाल
हरीश केड़िया
कपिल कालरा
पंकज सौंखिया

### परिचय-पत्र, प्रमाणपत्र एवं डाइरेक्ट्री
**संयोजक**
अजय गोधा
**सदस्य**
आलोक सौंखिया
अनिल भूतड़ा
अब्दुल शकूर लाली
चाणक्य शर्मा
धर्मेन्द्र चौपड़ा
गौरव जैन
हरीश भुखमारिया
कमल जिन्दल
महेन्द्र जैन
महेश गुप्ता
मनोज गंगवाल
पारस ठोलिया
शरद गोयल
सुधीर ठोलिया
सुनील नाहर
विष्णु खण्ड़ेलवाल

### ज्वैलर्स असोसिएशन एम्प्लॉयमेंट ड्राइव
**संयोजक**
अशोक माहेश्वरी

### के वाई सी
**संयोजक**
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
**सदस्य**
अदित बरड़िया
आलोक सौंखिया
अनुपम लोढ़ा
अरुण कुमार गोखरू
प्रवीन मेहता
राहुल कोठारी

## सामाजिक सरोकार

**संयोजक**

राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला

**सदस्य**

अभिषेक सांड
आकाश अग्रवाल
आलोक सौंखिया
बृज किशोर अग्रवाल
धर्मेन्द्र चौपड़ा
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मदन मोहन विजय
महावीर कुमार डागा
नरेन्द्र लक्खी
नीलेश कुमार छाजेड
नीरज खण्डेलवाल
पंकज सौंखिया
प्रमोद बाणवाला
राजेश डागा
राजेश कटारिया
राम सहाय माहेश्वरी (मांधना)
रामशरण गुप्ता
सुधांशु रावत
विमल गुप्ता (जिन्दल)

## ज्वैलर्स असोसिएशन, जौहरी बाजार भवन रख-रखाव

**संयोजक**

पंकज सौंखिया

**सदस्य**

अब्दुल शकूर लाली
आकाश अग्रवाल
आलोक कुमार सिंह
चर्चिल पटेल
दीपक गुप्ता
दिलीप पंजाबी
किशन मूंदडा
कोमल जैन
कृष्ण कुमार अग्रवाल
मनीष कोठारी
रोहिताश सौंखिया
शरद गोयल
शैलेश कुमार मेहता
तारक नाथ मिश्रा
विनोद कुमार भुखमारिया
विशाल मालपानी

## यंग एन्ट्रीप्रिन्योर

**संयोजक**

अभिषेक जैन

**सदस्य**

अखिल गोयल
गिरजा शंकर शर्मा
निखिल गुप्ता
विनोद कुमार भुखमारिया
योगेश कुमार साहू

## ज्वैलर्स असोसिएशन शो (JAS)

**संयोजक**

अशोक माहेश्वरी

**सह संयोजक**

अजय गोधा
नरेश अगरोया

**सदस्य**

अभिषेक जैन
अभिषेक सांड
आलोक सौंखिया
अनिल ताम्बी
अरूण गोखरू
बजरंग बाहेती
बिट्ठल दास माहेश्वरी
दीपक साहू
गौरव जैन
गोविन्द प्रकाश अग्रवाल
जितेन्द्र सिंह शेखावत
कमल जिंदल
कृष्ण कुमार अग्रवाल
महावीर कुमार डागा
महेन्द्र लुहाड़िया
महेश खण्ड़ेलवाल
मुकेश विजय
नरेन्द्र लक्खी
निर्मल कुमार बरड़िया
नितिन गिलारा
पंकज सौंखिया
प्रदीप मेहता
राघव खण्ड़ेलवाल
राजेश डागा
राजेश धामाणी
राजेश नाहर
राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला
रामशरण गुप्ता
रूपेश ताम्बी
संचित टाटीवाला
संजय काला
शुभांग मित्तल
सुधीर ठोलिया
सुनील बटवाड़ा
सुनील कुमार गुप्ता
सुनील मनिहार
सुरेश ढढ्ढा
विजय केड़िया
यशेष ताम्बी


ACHAL
Jewels
WITNESS EXCEPTIONAL CREATIONS THAT
Redefine the allure of polki!
Achaljewels | achaljewels | office@achaljewels.com

JG Jaipur Gem



## One Stop Shop For All Your Gemstone Needs




Scan and Shop from India's Biggest Online Gemstone Portal

WWW.JAIPURGEM.COM



2135-36,Lunawat House,Haldiyon Ka Rasta
Johari Bazar, Jaipur,302003(Raj.)India
Phone No: +91-141-257-1401,+91-141-2571402
Email: jg@lgcindia.com



# GEM PLAZA

MAGNIFICENT JEWELS



Crafting your Connections with Colour

**Flagship store : Khetan Bhawan, M. I. road, Jaipur-302001, India**
**t: +91 141 2367948   e: showroom@gemplaza.net**

**Factory : G-1/21-23, Gems & Jewellery Zone, EPIP, Sitapura, Jaipur - 302022, India**
**t: +91 141 2770535   e: mail@gemplaza.net**

**www.gemplaza.net**

# valentine®
JAIPUR




**- Visit us at -**

JAIPUR JEWELLERY SHOW

**VALENTINE JEWELLERY**
*22-25 December 2023*
*JECC, Sitapura, Jaipur*
*Hall No.: 1*
***Booth No.: 1E19-20, 1F9-10***

**VALENTINE JADAU**
*22-25 December 2023*
*JECC, Sitapura, Jaipur*
*Pink Club*
***Booth No.: PC 17, 18, 23 & 24***

**VALENTINE JEWELLERY INDIA PVT LTD**
*order@valentinejewelleryindia.com*
*+91-7412077886*
*valentinejaipur*

**ADDRESS**
*G1-15,16 Gem & Jewellery Zone, EPIP,*
*Sitapura Jaipur-302022 INDIA*

**VALENTINE JADAU**
*val.jadau@gmail.com*
*+91-7412077880*
*www.valentinejaipur.com*


Unleash the Radiance Of Every Gemstone,
Embrace the Extraordinary!
Rubellite
Pink
Morganite
Paraiba
Tanzanite
VISIT US AT IIJS PREMIER
STALL NO. - 1D 75A, BEC, NESCO
Corporate Office
24, Bardiya Colony Museum Road
Jaipur - 302004 India
Phone : 91-141-2533092, 2533050
Email : rmc@rmcgems.in
RMC®
www.rmcgems.in
SEZ Factory
G1-18 & 19, SEZ Phase 1st Sitapura Industrial Area
Tonk Road Jaipur - 302022 India
Phone : 91-141-2770687-88-89
Email : rmc@rmcgems.in


JAIPUR JEWELLERY SHOW
emerald
your stone your story....
the December show
JECC, JAIPUR
22 - 25 DEC. '23
1100 Booths / Over 550 Exhibitors
Over 45000 Domestic & Overseas Visitors
2,50,000 Sq.Ft Exhibiting area
Jaipur Jewellery Design Festival (JJDF)
An Exclusive B2B Traders Pavilion (Pink Club)
EMERALD PROMOTION PARTNER
GEMFIELDS
www.jaipurjewelleryshow.org
Jewellery courtesy Rawat Jewels, Jaipur

# देश का एकमात्र रफ एंड कट जैमस्टोन शो
# ज्वैलर्स असोसिएशन जैमस्टोन शो (JAGS)
# जिसने पाई कामयाबी की नई मंजिल








ज्वैलर्स असोसिएशन द्वारा रफ एंड कट जैमस्टोन के एकमात्र प्रमुख शो 'जैग्स' का सफल आयोजन 14 अक्टूबर को जनोपयोगी भवन जयपुर में किया गया। ज्वैलर्स असोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष विमलचंद सुराणा ने इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर समिति के सदस्य डी. पी. खण्डेलवाल, आलोक सौंखिया, नीरज लुणावत, राजू मंगोड़ीवाला, निर्मल कुमार बरड़िया, गोविंद प्रकाश अग्रवाल, विजय केडिया, रामशरण गुप्ता, अभिषेक सांड, महावीर कुमार डागा, अजय गोधा, बिट्ठल दास माहेश्वरी और अभिषेक जैन मौजूद रहे।

जैग्स देश का इकलौता ऐसा शो है जिसे भारत की सबसे पुरानी ट्रेड असोसिएशन आयोजित करती है और इसमें औद्योगिक प्रोफेशनल्स, ज्वैलरी निर्माता, जैमस्टोन विशेषज्ञ, जैमोलॉजिस्ट, माइनर्स, निर्यातक, आर्टिजंस और डिजाईनर्स शिरकत करते हैं। यह शो रफ, कट-स्टोंस, पॉलिश्ड जैमस्टोन, कैबोचोंस, बीड्स और पर्ल्स का रिमार्केबल शो है।







“ ज्वैलर्स असोसिएशन के अध्यक्ष **डी. पी. खण्ड़ेलवाल** कहते हैं कि जैग्स का यह 24वां संस्करण था। खास बात यह रही कि जैमस्टोन को माइंस से कस्टमर तक पहुंचाने के लिए इसने ब्रिज का काम किया। ज्वैलरी उत्पादकों, रिटेलर्स तथा बायर्स के लिए खजाने की खोज सरीखा अवसर रहा।



“ असोसिएशन के मानद् सचिव **नीरज लुणावत** कहते हैं कि यह शो वन स्टॉप सोर्सिंग सल्यूशन की तरह है। यहाँ प्रदर्शित सभी जैमस्टोन्स पूरी तरह प्राकृतिक है और उन्हें खदानों से निकाला गया है। अब जैग्स को जैमस्टोन की उच्च गुणवत्ता व विश्वसनीयता के लिए पहचाना जाता है।





“ जैग्स के संयोजक **अभिषेक सांड** कहते हैं कि वर्ष 2022 मे ज्वैलर्स असोसिएशन जैमस्टोन शो की औपचारिक शुरुआत हुई थी। उस समय केवल 50 बूथ थे, फिर 60 हुए और अब 78 बूथ हो गए। जिस तरह का रेस्पॉन्स मिल रहा है, उसे देखते हुए लगता है कि अगले आयोजन में बूथों की संख्या बढ़कर 100 तक पहुँच सकती हैं।





जैग्स मे इस बार 78 एक्जीबिटर्स ने लूज कलर जैमस्टोन का डिस्प्ले किया। 1500 से अधिक विजिटर्स ने शो में उपस्तिथि दर्ज की। प्रीमियम श्रेणी के बायर्स का आना इस शो की बड़ी सफलता है।

अन्य महत्वपूर्ण बात है कि यह शो रफ एवं कट जैमस्टोन व्यवसाय के लिए बड़ा अवसर बन गया है। इस शो के जरिए ज्वैलर्स असोसिएशन का एक नया स्वरूप देखने को मिला है। एक्जीबिशन फील्ड में भी एक नया आयाम जुड़ गया है। इस शो के लिए नया प्रतीक चिन्ह व नई वेबसाइट भी विकसित की गई।











# दृष्टिकोण...

## एक्जीबिटर

**कंसल जैम्स की लिविशा बताती हैं कि वे पांच सालों से इस शो में निरंतर भाग ले रही हैं। शो में आने वाले बायर्स से हमे काफी अच्छा रिस्पांस मिला है जिससे एक उत्साही अनुभव भी प्राप्त होता है।**

## बायर

**बायर किशन अग्रवाल कहते हैं कि यहाँ इतनी वेरायटी मिल जाती है कि हम आना चूक नहीं सकते। साथ ही खरीददारी के लिए भी यह बेहतर अवसर प्रदान करता है। आने वाले समय में इस शो का आकार बढ़ेगा, यह कहा जा सकता है।**










निष्कर्ष मे यह कहा जा सकता है कि जैम्स एक क्षेत्र विशेष से संबंधित आयोजन है और कलरस्टोंस कारोबारियों के लिए बेहतरीन अवसर भी। आगे जाकर यह और व्यापक होगा, इसकी पूरी उम्मीद है।



CIBJO CONGRESS 2023

Jewellers Association Jaipur

# जयपुर मे आयोजित हुई सिब्जो कांग्रेस 2023 ज्वैलर्स असोसिएशन बनी ट्रेड पार्टनर



(बाये से दाये): डेमियन कोडी, अध्यक्ष, आईसीए; आर. अरुलानंदन, निदेशक, वाणिज्यिक विभाग, भारत सरकार; प्रमोद अग्रवाल, उपाध्यक्ष, सिब्जो व अध्यक्ष, एनजीजेसीआई; विपुल शाह, अध्यक्ष, जीजेईपीसी; फेरीएल जेरुकी, अध्यक्ष, डब्ल्यूडीसी; गायतानो कैवेलरी, अध्यक्ष, सिब्जो; योरम द्वाष, अध्यक्ष, डब्ल्यूएफडीबी; किरीत भंसाली, उपाध्यक्ष, जीजेईपीसी

3-5 नवंबर के बीच जयपुर के फेयरमाउंट होटल में सिब्जो कांग्रेस 2023 का आयोजन किया गया। जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल (GJEPC) तथा नेशनल जैम एंड ज्वैलरी कौंसिल ऑफ़ इंडिया (NGJCI) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस कांग्रेस को भारत सरकार के वाणिज्य तथा उद्योग मंत्रालय तथा एमएसएमई मंत्रालय का मजबूत सहयोग भी प्राप्त हुआ।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने उद्घाटन सत्र को वर्चुअली संबोधित किया। इस अवसर पर सिब्जो के प्रेसिडेंट गायतानो कैवेलरी,




जीजेईपीसी के चेयरमैन विपुल शाह, सिब्जो के वाइस प्रेसिडेंट (इंडिया) तथा एनजीजेसीआई के चेयरमैन प्रमोद कुमार अग्रवाल, वाणिज्य मंत्रालय के निदेशक आर अरुलानंदन, वर्ल्ड डायमंड कौंसिल के प्रेसीडेंट फेरियल जेरोकी, वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ़ डायमंड बोर्स के प्रेसीडेंट योरम द्वाष तथा इंटरनेशनल कलर्ड जैमस्टोन के प्रेसीडेंट डेमियन कोडी उपस्थित रहे।



गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित किया गया



CIBJO अध्यक्ष गायतानो कैवेलरी द्वारा कांग्रेस 2023 का आगाज किया गया



ज्वैलर्स असोसिएशन जयपुर इस आयोजन में ट्रेड पार्टनर के तौर पर भागीदार रही। सिब्जो वस्तुतः वर्ल्ड ज्वैलरी कन्फैडरेशन के डेलीगेट्स का महा-आयोजन है। सिब्जो के विभिन्न प्रभागों की वार्षिक बैठक यहाँ आयोजित होती है। साथ ही डायमंड, कलरस्टोंस, पर्ल्स, जैम-लैब्स, प्रिशियस मेटल, कोरल आदि के नये अंतर्राष्ट्रीय मानदंडों पर विचार-मंथन होता है।

इस बार यह आयोजन भारत में और यहाँ भी विशेषकर जयपुर में होने से भारत को ग्लोबल ज्वैलरी कम्युनिटी मे बहुत अच्छे से उभरने का मौका मिला। इस आयोजन ने भारत को अब रत्न-आभूषण के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर खरीद के बड़े केंद्र के रूप में स्थापित व विकसित होने का अवसर इस सृजित किया है। प्रमुख लक्जरी ब्रांड कार्टियर एवं बिवल्गरी का सिब्जो से जुड़ाव विश्व स्तर पर भारत की एक महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित कर रहा है।



**पीयूष गोयल** ने इस अवसर पर कहा कि भारत में सरकार की नीतियों ने उद्योग-व्यापार जगत के लिए नये अवसर बनाए हैं। मेक इन इंडिया गतिशील हुआ है। भारतीय उत्पादों की दुनिया भर में मांग बढ़ी है। भारत की ज्वैलरी इंडस्ट्री ने वैश्विक स्तर पर बड़ा मुकाम बनाया है। भारतीय ज्वैलरी ने अपने पारंपरिक डिजाइन और आर्ट-वर्क के जरिए जो पहचान बनाई है, उससे ग्लोबल ज्वैलरी कम्युनिटी मे भारत का नाम महत्वपूर्ण हो गया है।



सिब्जो के प्रेसीडेंट **गायतानो कैवेलरी** ने कहा कि सिब्जो विश्व का सबसे पुराना अंतर्राष्ट्रीय ज्वैलरी असोसिएशन है। वर्ष 2026 इसका शताब्दी वर्ष रहेगा। जी-7 देशों ने फाईन ज्वैलरी क्षेत्र में कुछ नये



**निर्मल बरडिया**
क्षेत्रीय अध्यक्ष
राजस्थान रीजन, जीजेपीईसी

जयपुर में आयोजित सिब्जो कांग्रेस ज्वैलरी इंडस्ट्री के लिए मील का पत्थर साबित हुई है। यह ऐसा आयोजन है, जिसने इंडस्ट्री के ग्लोबल लीडर्स और आर्टिजंस को एक साथ रखा है।

जयपुर के समृद्ध हैरिटेज के साथ जैम एवं ज्वैलरी कारोबार की महत्वपूर्ण भूमिका इस आयोजन के जरिये उभरी है। जीजेईपीसी के रीजनल चेयरमैन के हिसाब से कह सकता हूँ कि इस आयोजन से जयपुर की कारोबारी प्रतिबद्धता, इन्नोवेशन तथा कारीगरी तीनों को बड़ी पहचान और स्वीकार्यता मिली है। वैसे भी यह कांग्रेस वैश्विक ज्वैलरी समुदाय के लिए विकास और बहुआयामी स्वरूप विकसित करने का आधार बनाती है।

मानदंड सुनिश्चित किए हैं। उन्होने कहा कि सिब्जो अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प है। पारदर्शिता और जवाबदेही बने और बढ़े, यह देखने वाली बात है। साथ ही संयुक्त राष्ट्र ने जो UN-17 के लक्ष्य निर्धारित किए हैं, उन्हें वैश्विक साझेदारी से हासिल भी करना है।





जीजेपीईसी के चेयरमैन **विपुल शाह** ने कहा कि जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री के वैश्विक पटल पर भारत की स्थिति बेहतर हो, इसके लिए यह आयोजन बहुत सहयोगी रहेगा। उन्होंने G-7 देशों के बीच जियो-पॉलिटिकल तनाव का जिक्र किया और परिस्थितियों में सुधार के लिए सहयोग की अपील की।



सिब्जो इंडिया के वाइस प्रेसीडेंट **प्रमोद कुमार अग्रवाल** ने कहा कि जयपुर में दो लाख कारीगर इस क्षेत्र में नियोजित है, यहाँ का हैरिटेज बहुत मायने रखता है। जैम-कटिंग का यह बड़ा केंद्र है। जयपुर की जैम-ज्वैलरी इंडस्ट्री को विशेष आर्थिक क्षेत्र, शैक्षणिक संस्थानों, जैम लैब्स और एक्जीबिशन सेंटर्स के कारण बहुत लाभ मिला है।

कांग्रेस के दौरान कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें रत्नों की जिम्मेदारी से खोज को बढ़ावा देना, कीमती सामग्री के लिए ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का विकास, और पारदर्शी सप्लाई चैन के महत्व शामिल थे। इन चर्चाओं का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना था कि आभूषण उद्योग सतत् और नैतिक रूप से विकसित होता रहे, साथ ही सुरक्षित और जिम्मेदार स्रोतों का प्रचार-प्रसार हो।




## इवेंट की झलकियाँ



# हांगकांग ज्वैलरी एंड जैम वर्ल्ड (JGW 2023) ने बढ़ाया बाजार का विश्वास










16-24 सितंबर के बीच आयोजित हांगकांग ज्वैलरी एंड जैम वर्ल्ड ने रत्नाभूषण कारोबारियों का विश्वास बढ़ाने में कामयाबी हासिल की है।

ज्वैलरी एंड जैम वर्ल्ड (JGW) हांगकांग विश्व की सबसे प्रमुख फाईन ज्वैलरी इवेंट है, जिसे सितंबर हांगकांग ज्वैलरी एंड जैम फेयर के नाम से जाना जाता है, ने कोरोना दौर के उपरांत इस बार शानदार वापसी की है।

कोरोना दौर के बाद यह विश्वास कुछ मंद हो गया था, लेकिन इस शो को मिली कामयाबी के बाद इसमें स्फूर्ति आ गई है।

## दो जगह आयोजित हुआ

ज्वैलरी एंड जैम वर्ल्ड (JGW-2023) के नाम से विख्यात इस शो का आयोजन दो अलग-अलग स्थलों पर हुआ। पहला 18-22 सितंबर के बीच एशिया वर्ल्ड एक्सपो मे, जहाँ सभी प्रकार के रत्नों (लूज स्टोन) एवं आभूषण उपकरण, मशीनरी इत्यादि का प्रदर्शन प्रशंसनीय था, दूसरा 20-24 सितंबर के बीच हांगकांग कन्वेंशन एंड एक्जीबिशन सेंटर में जहाँ फिनिश्ड ज्वैलरी, पैकेजिंग, उपकरणों, टूल्स एंड टैक्नोलॉजी उत्पादों का डिस्प्ले था।

## 3000 से अधिक एग्जीबिटर्स व 40 से अधिक थीम आधारित पवेलियन

जेजीडबल्यू-2023 अब तक का सबसे बड़ा शो था, जिसमें 3000 से अधिक एक्जीबिटर्स थे। शो में 40 से अधिक थीम व ग्रुप पवेलियन थे।

शो में जैमस्टोन की अधिकतम वैरायटी तथा अनेक डिजाइंस की ज्वैलरी का डिस्प्ले था।

## रेड-रेडियंस : ए सेलिब्रेशन ऑफ़ रुबीज

इस महत्वपूर्ण जश्न के अवसर पर, JGW ने अपने वार्षिकोत्सव जैमस्टोन के रूप में माणक (रूबी) को चुना। शो में आगंतुकों के लिए माणक संग्रह देखने के लिए विशेष रूप से एक 'ट्रेजर मैप' डिज़ाइन किया गया।

## आगंतुकों ने क्या पाया?

यूं तो शो में सभी तरह के कलर जैमस्टोन्स तथा नवीनतम डिजाइंस की ज्वैलरी का डिस्प्ले था, पर एक सेमिनार के जरिए इस इंडस्ट्री के नये ट्रेंड्स की जानकारी भी दी गई, जिससे कारोबारियों को बहुत कुछ नया जानने का अवसर मिला। साथ ही ग्लोबल ज्वैलर्स कम्युनिटी से मिलने और नेटवर्किंग का बड़ा अवसर मिला। इस शो में बड़ी तादाद में ज्वैलर्स का आना खुद उनके लिए भी लाभकारी रहा, वहीं हांगकांग के इस ग्रांड शो की ग्रांड वापसी भी देखी गई।

# एक्स्ट्राऑर्डिनरी-40 (E-40) अवार्ड्स से सम्मानित हुए, नवरत्न कोठारी और निर्मल बरड़िया

**शो में सबसे महत्वपूर्ण रहा एक्स्ट्राऑर्डिनरी-40 (E-40) अवार्ड्स का वितरण। यह जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री से जुड़े उन 40 प्रमुख दिग्गजों को दिया गया, जिनका इस कारोबार में विजनरी अप्रोच तथा उल्लेखनीय योगदान रहा है। भारत और खासकर जयपुर के लिए गौरव की बात यह रही कि यहाँ के दो दिग्गजों केजीके समूह के नवरतन कोठारी तथा आरएमसी समूह के निर्मल बरड़िया को यह सम्मान मिला।**

## केजीके समूह के विजनरी लीडर नवरतन कोठारी



बहुत नायाब अवसर रहा जबकि देश के प्रमुख ज्वैलर नवरतन कोठारी को ज्वैलरी वर्ल्ड अवार्ड (JWA2023) के अनुक्रम मे ज्वैलरी इंडस्ट्री में उनके शानदार योगदान के लिए एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी 40 अवार्ड से सम्मानित किया गया। दो उल्लेखनीय अवसर थे, पहला ज्वैलरी एंड जैम वर्ल्ड हांगकांग शो का 40वां आयोजन तथा ज्वैलरी इंडस्ट्री की प्रमुख पत्रिका जेएनए की 40वीं वर्षगांठ। यह अवार्ड दोनों की ओर से दिया गया। नवरतन कोठारी के लिए कहा गया कि उन्होंने ज्वैलरी लैंड स्केप को नये आयाम दिए हैं। विजन, इन्नोवेशन तथा इंटीग्रिटी के जरिए उनके नेतृत्व में बहुत बेहतरीन मुकाम बना है। इस सबके लिए केजीके समूह की पूरी टीम की तारीफ की गई और कहा गया कि सामुहिक प्रयासों से यह संभव हो पाया है। नवरतन कोठारी जो करते हैं, उसके पीछे एक पक्का कमिटमेंट होता है और तभी यह मुकाम इस समूह ने पाया है। यही वजह है कि वे केवल ज्वैलर कम्युनिटी के लीडर मात्र नहीं हैं बल्कि वे जो कुछ करते हैं वह अनुकरणीय हो जाता है।

---

## जैमस्टोन इंडस्ट्री का एक विश्वप्रसिद्ध नाम निर्मल बरड़िया



इंटरनेशनल ज्वैलरी वर्ल्ड में निर्मल बरड़िया का नाम बहुत सम्मान से लिया जाता है। वे आरएमसी समूह के चेयरमैन हैं और कलरस्टोंस के प्रमुख निर्यातकों में भी शामिल हैं।

आरएमसी अब मल्टीनेशनल एंटरप्राइज बन चुका है, जिसे जैम एंड ज्वैलरी एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल ने दस बार से अधिक अवार्ड से सम्मानित किया है।

बरड़िया के प्रयासों से देश की जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री को बहुत आगे बढ़ने का मौका मिला है। उन्हीं के प्रयासों से जयपुर विश्व में कलर्ड जैमस्टोंस का प्रमुख उत्पादक व निर्यातक बन सका है। बरड़िया तीन बार ज्वैलर्स असोसिएशन, जयपुर के अध्यक्ष रह चुके हैं।

असोसिएशन द्वारा आयोजित ज्वैलर्स असोसिएशन शो जस के आठ बार संयोजक रहे हैं। अब जीजेईपीसी के राजस्थान क्षेत्रीय चेयरमैन हैं। वे कहते हैं कि उन्हें इस बात का सुकून है कि अपने गृहनगर जयपुर को कलरस्टोंस इंडस्ट्री का बड़ा डेस्टिनेशन बनाने में कामयाबी मिली और इसका लाभ हजारों ज्वैलर्स तथा लाखों कामगारों-कारीगरों को मिला है।

अनेक अवार्ड व सम्मान इन्हें मिल चुके हैं, जिनमें इंटरनेशनल कलर्ड जैमस्टोंस असोसिएशन द्वारा 2017 में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड सबसे महत्वपूर्ण है। इसके अलावा उन्हें ज्वैलरी वर्ल्ड अवार्ड 2015 व 2016 भी मिल चुका है। इंडियन डायमंड एंड कलरस्टोंस असोसिएशन की ओर से उन्हें मैन्युफैक्चरर ऑफ़ द इयर का अवार्ड भी मिला है।

उनका स्वप्न है कि जयपुर अब फाईन कलर्ड जैमस्टोन ज्वैलरी का भी बड़ा हब बने।



# विचेंसाओरो सितंबर संस्करण मे देखने को मिली ग्रोथ





विचेंसाओरो के सितंबर संस्करण में कुल आगंतुकों की संख्या में 6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। 132 देशों के प्रतिनिधि इस शो में आए, विदेशी आगंतुको की भागीदारी में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

विदेशी विजिटर्स मे 52 प्रतिशत यूरोपीय संघ के देशों से, 17 प्रतिशत एशियाई व मध्यपूर्व के देशों से, 11 प्रतिशत अमेरिका से, 4 प्रतिशत अफ्रीका से और और 1 प्रतिशत  ओसेनिया से थे।

आगंतुकों मे बढ़ोतरी के नजरिए से देखें, तो स्विट्जरलैंड से आने वाले विजिटर्स की संख्या 46 प्रतिशत, बेल्जियम से 25 प्रतिशत, यूएई से 23 प्रतिशत तथा टर्की से 6 प्रतिशत बढ़ी। शो में मोजाम्बिक, घाना,  मॉरीशस, बेनिन, जांबिया, बर्किना, आईवरी कास्ट, केन्या, वर्जिन आयरलैंड, मंगोलिया, न्यूजीलैंड आदि देशों से नये विजिटर्स आये थे।

विचेंसाओरो सितंबर से जाहिर हुआ कि इटली के स्वर्ण-आभूषण क्षेत्र में कारोबार 10.2 प्रतिशत बढ़ा और निर्यात 9.3 प्रतिशत बढ़ा।

विचेंसाओरो का आयोजन आईसीई एजेंसी तथा इटली के विदेश मामलात तथा अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय द्वारा किया गया। शो में 400 से अधिक भागीदार आए थे।

शो की सोशल मीडिया के जरिये ग्लोबल प्रजेंस बहुत शानदार रही, दो करोड़ से अधिक लोगों ने इसे विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों से देखा।

विचेंसाओरो के शुभारंभ अवसर पर इटली सरकार के मंत्री एडोल्फो ऊर्सो ने स्वागत भाषण दिया और इटली के जैम एंड ज्वैलरी क्षेत्र को बहुत सराहा। इस मौके पर उन्होंने लोरेंजो कैग्नोनी को श्रद्धा सुमन भी अर्पित किए, जिनका हाल ही में निधन हो गया था।

इस आयोजन में जितने कारोबारी-विजिटर्स पहुंचे, अधिकतर प्रीमियम श्रेणी के थे और उनके आगमन से इस शो को एक बड़ा बूस्ट मिला है। अंतर्राष्ट्रीय बायर्स की इतनी बड़ी संख्या में मौजूदगी निश्चित रूप से महत्वपूर्ण रही है।

इस शो में आगामी 18 माह के लिए कारोबारी आंकलन भी किया गया, जिसे ट्रेंड-विजन ज्वैलरी तथा आईईजी ने मिलकर तैयार किया था। महत्वपूर्ण बात यह सामने आई कि आर्टीफिशियल इंटेलीजेंस का असर ज्वैलरी डिजाइन तथा मानव-सृजन पर कितना पड़ेगा, इस पर भी विचार किया गया। शो में मौजूद सभी लोगों का रूझान भविष्य का ट्रेंड समझने की ओर था। साथ ही अक्टूबर में जयपुर में आयोजित वर्ल्ड कांफ्रेंस के संदर्भ में भी चर्चा की गई।

विचेंसाओरो शो केवल ज्वैलरी तक सीमित नहीं है बल्कि घड़ी निर्माण भी इसके दायरे में है। शो कैंपस में ही विचेंसाओरो क्लाक प्राइव इवेंट आयोजित किया गया था, जो कि बी2सी अर्थात जन-साधारण के लिए खुला था। कम्युनिटी ऑफ़ टाइम की भागीदारी इस आयोजन में भरपूर रही। 60 से अधिक कंपनियों ने इसमें हिस्सा लिया और अपने उत्पादों का डिस्प्ले किया। एक्जीबिशन के अलावा यहाँ सेमिनार तथा डिसकशन सेशन भी आयोजित किए गए।

आईईजी तथा म्युनिसिपल प्रशासन की ओर से साझे मे एक कार्यक्रम विसेंचा को जानने समझने के लिए आयोजित किया गया, जिसमें शहर की संस्कृति, खान-पान आदि से आगंतुकों को अवगत करवाया गया, तो साथ ही हैरिटेज-म्यूजियम विजिट भी रखी गई। मकसद था विचेंसा को केपिटल ऑफ़ ज्वैलरी के रुप में प्रमोट करना। अंतर्राष्ट्रीय बायर्स यह सब देखकर अभिभूत हो गए।

विसेंचाओरो सितंबर अनेक संगठनों के लिए इंटरनेशनल पाइंट ऑफ़ रेफरेंस बन गया। शो में सिब्जो, आईसीई, अफेमो, सीएनए, वर्ल्ड ज्वैलरी कन्फैडरेशन, द असोसिएशन मैन्युफैक्चरर्स एंड एक्सपोर्टर्स ऑफ़ ज्वैलरी मशीनरी आदि समेत इटली के अनेक स्थानीय संगठनों तथा विदेश मामलात व अंतर्राष्ट्रीय सहयोग मंत्रालय की भागीदारी रही।



# बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर मे लौटा विश्वास



हालांकि कोरोना के कारण अनेक प्रमुख ज्वैलरी शो आयोजित नहीं हो पाए थे, लेकिन अब शुरुआत हुई है तो शुभ संकेत भी मिल रहे हैं।

पिछले तीन वर्षों से कोरोना के कारण विश्व भर में जैम एंड ज्वैलरी क्षेत्र का जो आत्मविश्वास डगमगाया था, उस स्थिति में अब सहजता और सुधार देखने को मिल रहा है। बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर ने यह विश्वास इंगित किया है।

कोरोना दौर में जैम एंड ज्वैलरी इंडस्ट्री का जो हाल डगमगाया था, वह अब लौटने लगा है। यह संकेत 68वें बैंकॉक जैम एंड ज्वैलरी फेयर से मिला, जिसका आयोजन 6-10 सितंबर के बीच क्वीन सिरिकिट नेशनल कन्वेंशन सेंटर में किया गया था।

यह शो ओपन टू पब्लिक था और यही वजह रही कि रियल बायर्स की इस शो मे बड़ी मौजूदगी रही, रत्न-आभूषणों की पूछ-परख भरपूर दृष्टिगत हुई। इसका फायदा कारोबारी आकार की बढ़ोतरी के रूप में देखने को मिला।

तीस हजार से अधिक विजिटर्स ने इसमें हिस्सा लिया। विश्व भर से आये ज्वैलरी प्रोफेशनल्स की इसमें मौजूदगी रही। इनके आगमन से लूज कलरस्टोंस की स्टाल्स पर बहुत गहमा-गहमी रही।

फेयर मे आधे से अधिक स्टाल्स पर खुले कलर्ड स्टोंस का डिस्प्ले था। सभी पर बड़ी तादाद में विदेशी कारोबारी ग्राहक आए और अच्छी पूछ-परख देखी गई। आगंतुक ग्राहकों मे अमेरिका और यूरोप से जहाँ बहुत कारोबारी थे, वहीं चीन, ताइवान और वियतनाम से भी बड़ी संख्या में विजिटर्स पहुंचे।

थाइलैंड का कलरस्टोंस मार्केट अब रिकवरी के दौर में आ गया है। लंदन की जैमफील्ड और दुबई की फ्यूरा ने थाइलैंड को अपना नीलामी केंद्र बना लिया है। यहाँ हीट-ट्रीटिंग तकनीक से कलरस्टोंस को प्रोसेस किया जाता है, जिस कारण जैमस्टोन मे क्लेरिटी बढ़ जाती है और साथ ही मूल्य भी।

बैंकाक फेयर हालांकि कलर्ड जैमस्टोन के लिए ख्यातनाम है, लेकिन यहाँ डायमंड, गोल्ड व सिल्वर की भी अच्छी प्रजेंस थी। शुद्ध सोने में निर्मित फाईन ज्वैलरी तथा डायमंड व कलर्ड जैमस्टोन जड़ित जेवरात का भी अच्छा डिस्प्ले था।

थाइलैंड के इंटरनेशनल ट्रेड प्रमोशन विभाग के महानिदेशक रत्नाकुल सेरेरोन्ग्रिट के अनुसार इस फेयर मे 8.5 करोड़ डॉलर से अधिक का कारोबार होने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि इस फेयर के आयोजन में जैम एंड ज्वैलरी इंस्टीट्यूट ऑफ थाईलैंड की भागीदारी भी थी।

थाइलैंड से जो रत्नाभूषण का कुल निर्यात होता है, उसमें कारोबारी आकार के लिहाज से 2022 मे नवें स्थान पर रहा। इस वर्ष यह निर्यात 10 प्रतिशत बढ़ सकेगा, यह माना जा सकता है।

आसियान देशों में थाईलैंड की भूमिका अब महत्वपूर्ण हो गई है। वहाँ के रत्न-आभूषण व्यवसाय में भारतीयों की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। एक टूरिज्म डेस्टिनेशन होने के कारण थाइलैंड मे सेमी-प्रिशियस तथा प्रिशियस ज्वैलरी तथा कलरस्टोंस का कारोबार लगातार बढ़ रहा है। इस तरह के आयोजन से निर्यात को भी बूस्ट मिल रहा है।



# ब्लॉगर्स के नजरिये से



@ GOKO_USA



@ REWA.JEWELRY



@SRK GEMS



@ REWA.JEWELRY



@ BEAUTYGEMS_OFFICIAL



*The Diamond Talk की Renu Choudhary ने अपने Instagram पर बैंकॉक शो से अपनी पसंदीदा जैम एंड ज्वैलरी कलेक्शंस साझा किये। हमने उन्ही के पेज से कुछ चुनिंदा ट्रेंड्स शो की खबर के साथ यहाँ प्रस्तुत किये हैं।*



@ RMCGEMS



DIAMOND POLKI EMERALD TANZANITE PEARL NECKLACE
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.



RUBYLITE
Photo Courtesy:
Precitone Co. Ltd.



SAPPHIRE AND DIAMOND EARRINGS IN 18K GOLD
Photo Courtesy:
Gem Plaza

# ट्रेंडी अफेयर्स

जैमस्टोन किसी भी ज्वैलरी के लिए बड़ा आकर्षण होता है उच्चकोटि के जैमस्टोन्स और बेहतरीन ज्वैलरी डिजाइंस यहाँ दर्शाए गए हैं जो नवीनतम ट्रेंड में हैं।







DIAMOND AND ZAMBIAN EMERALD NECKLACE
Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



EMERALD AND DIAMOND RING IN 18K GOLD
Photo Courtesy:
Gem Plaza



OPEN POLKI EMERALD & PEARL SET
Photo Courtesy:
Tatiwalas Gehna



LONDON BLUE TOPAZ
Photo Courtesy:
RMC Gems



RUBY
Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



TOURMALINE AND ZAMBIAN EMERALD EARRINGS
Photo Courtesy:
Achal Jewels



MORGANITE AND AQUAMARINE WITH DIAMOND RING IN 18K GOLD
Photo Courtesy:
Gem Plaza



OPEN POLKI KADA INK WITH EMERALD DETAILING
Photo Courtesy:
Tatiwalas Gehna



DANCE OF PEACOCK
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



DIAMOND EMERALD RING
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.



EMERALD ROSE CUT DIAMOND EARRING
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



PINK MORGANITE
Photo Courtesy:
RMC Gems



TANZANITE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



TANZANITE
Photo Courtesy:
RMC Gems



GREEN BERYL
Photo Courtesy:
Precitone Co. Ltd.



WHITE POLKI BUTTONS
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



CHOKAR
Photo Courtesy:
GIE Gold



EMERALD DIAMOND EARRING
Photo Courtesy:
Royal Gems & Jewels



TOURMALINE EARRINGS
Photo Courtesy:
Achal Jewels



ABSTRACT KUNZITE NECKLACE
Photo Courtesy:
Savio Jewellery



ZAMBIAN OCTAGON RING
10.43CTS 18K
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers



SUVARNA
Photo Courtesy:
Jaipur Ratna



COLOUR BLOCK OF
EMERALD WITH POLKI
Photo Courtesy:
Birdhichand Ghanshyamdas



ZAMBIAN EMERALD AND
TOURMALINE CHOKER
Photo Courtesy:
Achal Jewels



DIAMOND POLKI EMERALD
RUBY HALF BANGLE
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.



MOZAMBIQUE PARAIBA
Photo Courtesy:
RMC Gems



MULTI TOURMALINE
CABS
Photo Courtesy:
RGS Creation



ROUND TURMALINE NECKLACE
Photo Courtesy:
Achal Jewels



SEMI BRIDAL CHOKAR
Photo Courtesy:
GIE Gold



SPESSARITE
Photo Courtesy:
RGS Creation



EMERALD CUT
Photo Courtesy:
Ramnarayan & Co.



THE GREEN SNOWFLAKE NECKLACE
Photo Courtesy:
Savio Jewellery



PEACH MORGANITE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



EMERALD
Photo Courtesy:
Ramnarayan & Co.



PADPRADSCHA SAPPHIRE
Photo Courtesy:
Biharilal Holaram



TOURMALINE CARVING BEADS
Photo Courtesy:
National Facets



MORGANITE
Photo Courtesy:
Precitone Co. Ltd.



DIAMOND POLKI SAPPHIRE RING
Photo Courtesy:
Valentine Jewellery (I) Pvt. Ltd.



PINK SAP AND DIAMOND
RING IN 18K GOLD
Photo Courtesy:
Gem Plaza



TSAVORITE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



AQUAMARINE
Photo Courtesy:
Lunawat Gems



SALMON PINK TOURMALINE
(8.30 CTS) RING 18K
Photo Courtesy:
Onsaz Jewellers



AQUA
Photo Courtesy:
Precitone Co. Ltd.



FUSION EMERALD CAB STUDS
Photo Courtesy:
Shree Jee Jewels



TOURMALINE SMOOTH BEADS
Photo Courtesy:
National Facets

| COMPANY | EMAIL ADDRESS |
|---|---|
| ACHAL JEWELS | office@achaljewels.com |
| BIHARILAL HOLARAM | anand@lakhi.net |
| BIRDHICHAND GHANSHYAMDAS | pr@birdhichand.com |
| GEMPLAZAJEWELLERYMFG.CO.PVT.LTD. | mail@gemplaza.net |
| GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD. | giegoldcreations@gmail.com |
| JAIPUR RATNA | rea@jaipurratna.com |
| LUNAWAT GEMS | tech@lgcindia.com, jg@lgcindia.com |
| ONSAZ JEWELLERS CREATIONS | anandrao@onsazjewellery.com |
| PRECITONE CO. LTD. | anu@precitone.com |
| NATIONAL FACETS | management@nationalfacets.com |
| RAMNARAYAN & CO. | ramnarayanco501@gmail.com |
| RGS CREATION | rgscreations4@gmail.com |
| RMC GEMS | gyan.rmc@gmail.com |
| ROYAL GEMS & JEWELS | yashdusad1@gmail.com |
| SAVIO JEWELLERY | saviojewellery@gmail.com<br>factorysavio@gmail.com |
| SHREE JEE JEWELS | harshita@shreejeejewellers.in |
| TATIWALAS GEHNA | tg@tatiwalasgehna.com |
| VALENTINE JEWELLERY (I) PVT. LTD. | abhinav@valentinejewelleryindia.com |

Savio®
Jewellery



*Guinness world record holder (2015-2018)*

*Jewellery House honoured by*
*the President of India Late Shri Pranab Mukherjee*

CORPORATE OFFICE: 223-224, 1st Floor, Apex Mall, Lalkothi, Jaipur-302015, INDIA
FACTORY: E-71, EPIP Jewellery Zone, Sitapura Industrial Area, Jaipur-302022,INDIA
E-Mail - saviojewellery@gmail.com, Website- www.saviojewellery.com


B·G
1930
Birdhichand Ghanshyamdas
Jewellers
Luxury Bridal Jewellery
Jaipur - 9, Lakshmi Complex, M. I. Road | T:+91-141-2379228 | E: jaipur@birdhichand.com
New Delhi - D 21, Defence Colony | T:+91-11-40115623, 40115624 | E: delhi@birdhichand.com
www.birdhichand.com



TATIWALAS GEHNA

JAIPUR JEWELLERY SHOW

## CORDIALLY INVITE YOU

## BOOTH NO. - 1D27, 1D28, 1E1 & 1E2

## HALL NO. -1

Sanchit Tatiwala: 91-9829079954 | Sumil Tatiwala: 91-9828068444




**Wild & Royal**

©

JEWELS OF JAIPUR™

GIE GOLD CREATIONS PVT. LTD.

/jewelsofjaipur

# रत्नों में राजा 'माणक'



माणक (रूबी) इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण रत्न रहा है। प्राचीन संस्कृत भाषा में माणक को "रत्नराज" या "रत्नों का राजा" कहा जाता है। खूबसूरती और बुद्धिमत्ता का जिक्र करते हुए माणक का जिक्र बाइबिल में भी किया गया है।
माणक या रूबी कोरंडम परिवार की लाल रंग की वैरायटी है, जबकि उसी परिवार के अन्य सभी रंगों को सैफायर (नीलम, पुखराज) के रूप में जाना जाता है। रूबी मूल रूप से एल्यूमीनियम ऑक्साइड है, और चमकदार लाल रंग क्रिस्टल संरचना में एल्यूमीनियम की जगह लेने वाली क्रोमियम अशुद्धियों के कारण होता है।
रूबी, नाम लैटिन मूल का शब्द "रूबर " है, जिसका अर्थ है "लाल" - प्यार और जुनून का रंग। रूबी को विक्टोरियन युग यानी 19 वीं सदी के अंत में लोकप्रियता मिली ।
माणक का सबसे अधिक मांग वाला रंग चमकीला और शुद्ध लाल है, हालांकि अधिकांश माणक में पर्पल कलर का शेड भी होता है । हीरे के बाद रूबी सबसे कठोर पत्थर है जिसकी कठोरता 9 है और यह ट्राईगोनल क्रिस्टल प्रणाली में बनता है। इसकी स्पेसिफिक ग्रेविटी लगभग 3.98 -4.00 है, और अल्ट्रा वायलेट लाइट में इसका लाल रंग और ज़्यादा चमकता है।
